# Rajbhasha Questions & Answers for Departmental Exams-Updated as on December 2014

# राजभाषा विषयक प्रश्नोत्तर

1. राजभाषा के प्रयोजन के लिए देश को कितने क्षेत्रों में बांटा गया है?
   राजभाषा के प्रयोजन के लिए देश को 'क क्षेत्र', 'ख क्षेत्र' और 'ग क्षेत्र' - तीन क्षेत्रों में बांटा गया है।
2. 'क' क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्य और संघ शासित प्रदेश कौन-कौन से हैं?
   बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तरांचल और छत्तीसगढ़ राज्य तथा दिल्ली और अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र।
3. 'ख' क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्य और संघ शासित प्रदेश कौन-कौन से हैं?
   गुजरात, महाराष्ट्र, और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमन व दीव और दादर व नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र।
4. 'ग' क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राज्य और संघ शासित प्रदेश कौन-कौन से हैं?
   असम, अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, केरल, कर्नाटक, गोवा, जम्मू व काश्मीर, तमिलनाडु, नगालैंड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, सिक्किम और त्रिपुरा राज्य तथा लक्षद्वीप और पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र।
5. संघ की राजभाषा क्या है?
   संघ की राजभाषा देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी है।
6. संविधान के भाग-5 का कौन-सा अनुच्छेद संसद में प्रयुक्त होने वाली भाषा से संबंधित है?
   अनुच्छेद-120
7. संविधान के भाग-6 का कौन-सा अनुच्छेद विधान मंडल में प्रयुक्त होने वाली भाषा से संबंधित है?
   अनुच्छेद-210
8. संविधान के भाग-17 का संबंध किससे है?
   संघ की राजभाषा से
9. संविधान के भाग-17 में संघ की राजभाषा के प्रयोजन के लिए कितने अनुच्छेद हैं?
   343 से 351 तक कुल 09 अनुच्छेद
10. राजभाषा अधिनियम, 1963 कब पारित हुआ?
    10 मई 1963
11. राजभाषा अधिनियम, 1963 का संशोधन कब हुआ?
    वर्ष 1967
12. प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
    14 सितंबर
13. हिंदी को संवैधानिक दर्जा कब मिला?
    14 सितंबर, 1949 को
14. अरुणाचल प्रदेश किस क्षेत्र में आता है तथा उसकी राजभाषा क्या है?
    अरुणाचल प्रदेश 'ग' क्षेत्र में आता है तथा उसकी राजभाषा अंग्रेजी है।
15. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) कब प्रवृत्त हुई?
    26 जनवरी, 1965
16. राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4 किससे संबंधित है?
    संसदीय राजभाषा समिति के गठन से संबंधित है।
17. संघ की राजभाषा से संबंधित अनुच्छेद 343 से अनुच्छेद 351 का उल्लेख संविधान के किस भाग में है?
    भाग-17 में।
18. राजभाषा अधिनियम की धारा 7 का संबंध किसके साथ है?
    उच्च न्यायालयों आदि के निर्णयों में हिंदी या अन्य राजभाषा के वैकल्पिक प्रयोग से संबंधित है।
19. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 6 व 7 किस राज्य में लागू नहीं होती?
    जम्मू व कश्मीर।
20. किन-किन राज्यों में उर्दू को राजभाषा के रूप में घोषित किया गया है?
    आंध्र प्रदेश व बिहार।
21. संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित भाषाओं के नाम बताइए?
    असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी, गुजराती, तमिल, तेलुगु, पंजाबी, बंगाली, मराठी, मलयालम, सिंधी, हिंदी, संस्कृत, मणिपुरी, नेपाली, कोंकणी, बोडो, संथाल, मैथिली और डोगरी।
22. संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को अब तक शामिल किया गया है?
    22 भाषाओं को।
23. राजभाषा अधिनियम, 1963 क्यों पारित हुआ?
    1965 के बाद भी हिंदी के अलावा अंग्रेजी के प्रयोग को जारी रखने का प्रावधान करने के लिए।
24. राजभाषा नियम कब पारित हुआ?
    वर्ष 1976 में।
25. राजभाषा नियम का संशोधन कब हुआ?
    वर्ष 1987 में।
26. राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ था?
    07 जून, 1955 को।
27. 1955 में गठित राजभाषा आयोग का नाम क्या था?
    'खेर आयोग'।
28. 1955 में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष कौन थे?
    बम्बई राज्य के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बाल गंगाधर खेर।
29. राजभाषा आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के लिए गठित समिति के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
    भूतपूर्व केन्द्रीय गृहमंत्री स्वर्गीय गोविन्द वल्लभ पंत।
30. संविधान के अनुसार सांविधिक नियमों, विनियमों और आदेशों का अनुवाद कौन करता है?

विधि मंत्रालय।

31. संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए 1965 तक कौन सी भाषा मुख्य राजभाषा थी तथा कौन-सी भाषा सहायक राजभाषा थी?
अंग्रेजी मुख्य राजभाषा तथा हिंदी सहायक राजभाषा।

32. वर्ष 1973 में पहली बार गठित रेल हिंदी सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन थे?
स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र।

33. वर्ष 1976 में गठित संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष कौन थे?
तत्कालीन गृहमंत्री ओम मेहता

34. रेलवे बोर्ड में पहली बार हिंदी सहायक के एक पद का सृजन कब हुआ था तथा किस शाखा के लिए हुआ था?
वर्ष 1952 में रेलवे बोर्ड की सामान्य शाखा के लिए।

35. रेल मंत्रालय का निरीक्षण संसदीय राजभाषा समिति की कौन सी उप समिति करती है?
संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति।

36. कार्यालयीन काम-काज हिंदी में करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा लागू की गयी योजना क्या है?
राजभाषा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना।

37. हिंदी प्रबोध परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मिलने वा पुरस्कार की राशि क्या है?
55-59% अंक - 400/-
60-69% अंक - 800/-
70% या उससे अधिक अंक- 1600/-

38. हिंदी प्रवीण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मिलने वाली पुरस्कार की राशि क्या है?
55-59% अंक - 600/-
60-69% अंक - 1200/-
70% या उससे अधिक अंक 1800/-

39. हिन्दी प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मिलने वाली पुरस्कार की राशि क्या है?
55-59% अंक - 800/-
60-69% अंक - 1600/-
70% या उससे अधिक अंक 2400/-

40. हिंदी टंकण परीक्षा पास करने पर मिलने वाली पुरस्कार की राशि क्या है?
90-94% - 800/-
95-96% - 1600/-
97-100% - 2400/-

41. हिंदी आशुलिपि परीक्षा पास करने पर मिलने वाली पुरस्कार की राशि क्या है?
88-91% - 800/-
92-94% - 1600/-
95-100% - 2400/-

42. निजी प्रयत्नों से हिंदी भाषा परीक्षा उत्तीर्ण होने पर मिलने वाली एकमुश्त पुरस्कार की राशि क्या है?
प्रबोध - 1600/-
प्रवीण - 1500/-
प्राज्ञ - 2400/-

43. निजी प्रयत्नों से हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण होने पर मिलने वाली एकमुश्त पुरस्कार की राशि क्या है?
1600/- रुपये।

44. निजी प्रयत्नों से हिंदी आशुलिपि परीक्षा उत्तीर्ण होने पर मिलने वाली एकमुश्त पुरस्कार की राशि क्या है?
3000/- रुपये।

45. केन्द्रीय हिंदी समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
प्रधानमंत्री

46. संबंधित मंत्रालय/विभाग में हिंदी के प्रचार में प्रगति की समीक्षा किस समिति द्वारा की जाती है?
हिंदी सलाहकार समिति

47. वर्तमान संसदीय राजभाषा समिति का गठन कब हुआ?
जनवरी, 1976

48. संसदीय राजभाषा समिति में कितने सदस्य हैं?
30 सदस्य

49. संसदीय राजभाषा समिति में लोकभाषा के कितने सदस्य है?
20 सदस्य

50. संसदीय राजभाषा समिति में राज्यभाषा के कितने सदस्य हैं?
10 सदस्य

51. संसदीय राजभाषा समिति की कितनी उप समितियां हैं?
03 उप समितियाँ।

52. संसदीय राजभाषा समिति का मुख्य कार्य क्या है?
हिंदी के प्रगामी प्रयोग की समीक्षा करना।

53. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
नगर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालय के वरिष्ठतम अधिकारी।

54. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों की अवधि क्या है?
तीन महीनें में एक बार।

55. नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों की अवधि क्या है?
छः महीने में एक बार।

56. राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम कौन तैयार करता है?
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय।

57. केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए निर्धारित हिंदी पाठ्यक्रम कौन-कौन हैं?
प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ पाठ्यक्रम।

58. हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत निर्धारित हिंदी पाठ्यक्रम की परीक्षाएं वर्ष में कितनी बार ली जाती हैं?
वर्ष में दो बार।

59. हिंदी प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ पाठ्यक्रम की अवधि क्या है?
05 महीने की।

60. केन्द्र सरकार के लिपिकीय कर्मचारियों के लिए निर्धारित अंतिम

पाठ्यक्रम क्या है?
प्राज्ञ पाठ्यक्रम।

61. हिंदी पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को कौन-सी प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं?
नियमित, गहन, पत्राचार और प्राइवेट।

62. नियमित हिंदी भाषा पाठ्यक्रमों की परीक्षाएँ किस-किस महीने में ली जाती हैं?
प्रत्येक वर्ष मई और नवंबर में।

63. नियमित हिंदी भाषा पाठ्यक्रमों का सत्र किस-किस महीने में आरंभ होता है?
जनवरी और जुलाई में।

64. मातृभाषा के आधार पर केन्द्रीय कर्मचारियों को कितनी कोटियों में वर्गीकृत किया गया है?
कोटि 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'

65. मातृभाषा के अनुसार कोटि 'क' में वर्गीकृत कर्मचारी कौन है?
जिनकी मातृभाषा हिंदी या हिंदुस्तानी या उसकी बोली है।

66. मातृभाषा के अनुसार कोटि 'ख' में वर्गीकृत कर्मचारी कौन है?
जिनकी मातृभाषा उर्दू, पंजाबी, कश्मीरी, पश्तो या कोई अन्य संबद्ध भाषा है।

67. सामान्य कार्य के अतिरिक्त राजभाषा कार्यान्वयन समिति का कार्य देखने वाले कर्मचारी को प्रतिमाह कितना मानदेय दिया जाता है?
रु० 300/- प्रतिमाह।

68. मातृभाषा के अनुसार कोटि 'ग' में वर्गीकृत कर्मचारी कौन है?
जिनकी मातृभाषा मराठी, गुजराती, बंगाली, उड़िया, असमिया और सिंधी है।

69. मातृभाषा के अनुसार कोटि 'घ' में वर्गीकृत कर्मचारी कौन है?
जिनकी मातृभाषा दक्षिण भारतीय भाषा या अंग्रेजी है।

70. रेलवे बोर्ड की राजभाषा व्यक्तिगत नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल से कितने अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाता है?
चार

71. सामूहिक नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत मुख्यालय को दी जाने वाली पुरस्कार की राशि क्या है तथा कितने कर्मियों में वितरित की जाती है?
9000/- रुपये, 06 कर्मियों में बराबर-बराबर

72. सामूहिक नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत किसी मंडल को दी जाने वाली पुरस्कार की राशि क्या है तथा कितने कर्मियों में वितरित की जाती है?
6000/- रुपये, 05 कर्मियों में बराबर-बराबर

73. सामूहिक नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत किसी कारखाना को दी जाने वाली पुरस्कार की राशि क्या है तथा कितने कर्मियों में वितरित की जाती है?
4000/- रुपये, 05 कर्मियों में बराबर-बराबर

74. नाम, पदनाम तथा साइन बोर्ड को किस भाषा क्रम में प्रदर्शित किया जाना है?
1. प्रादेशिक भाषा 2. हिंदी 3. अंग्रेजी

75. रबर की मुहरों को किस भाषा क्रम में तैयार किया जाता है?
हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी रूप में एक लाइन हिंदी और एक लाइन अंग्रेजी।

76. आठवी अनुसूची में शामिल विदेशी भाषा क्या है?
नेपाली

77. मंडल रेल कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
मंडल रेल प्रबंधक

78. एक मुश्त पुरस्कार के लिए कौन अर्हक होंगे?
ऐसे कर्मचारी जो हिंदी परीक्षा प्राइवेट तौर पर पास करते हैं।

79. स्टेशन उद्घोषणाओं को किस भाषा क्रम में करना है?
प्रादेशिक भाषा, हिंदी व अंग्रेजी क्रम में।

80. हिंदी वार्तालाप पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण पाने के कौन योग्य होते हैं?
ओपन लाइन के सभी कर्मचारी जो आम जनता से सीधे संपर्क करते हैं (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित)

81. राजभाषा अधिनियम, 1963 की किस धारा के अंतर्गत केंद्र सरकार को राजभाषा संबंधी नियम बनाने की शक्ति दी गई है?
राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 8 के अंतर्गत

82. कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक से सम्मानित किये जाने वाले उच्च अधिकारी को पदक के अलावा नकद पुरस्कार स्वरूप कितनी राशि दी जाती है?
5000/- रुपये।

83. रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किये जाने वाले उच्च अधिकारी को पदक के अलावा नकद पुरस्कार स्वरूप कितनी राशि दी जाती है?
4000/- रुपये

84. तकनीकी रेल विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तकें लिखने के लिए चालू की गयी योजना कौन-सी है?
लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन नकद पुरस्कार योजना।

85. लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की राशि कितनी है?
प्रथम - 15000/- एक
द्वितीय - 7000/- एक
तृतीय - 3300/- एक

86. हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार योजना के अंतर्गत हिंदी में डिक्टेशन देने वाले कितने अधिकारियों को तथा पुरस्कार स्वरूप कितनी राशि दी जाती है?
प्रत्येक विभाग के दो अधिकारियों को, एक हिंदी भाषी अधिकारी को जिनका घोषित निवास 'क' और 'ख' क्षेत्र हो तथा दूसरा गैर हिंदी भाषी अधिकारी को जिनका घोषित निवास 'ग' क्षेत्र

हो, दो-दो हजार रुपये नकद पुरस्कार दिये जाते हैं।

87. कथा/कहानी संग्रह एवं उपन्यास लेखन हेतु चलायी गयी योजना कौन-सी है?
प्रेमचंद पुरस्कार योजना।

88. कथा/कहानी संग्रह एवं उपन्यास लेखन हेतु दी जाने वाली पुरस्कार राशि कितनी है?
प्रथम - 15000/- एक
द्वितीय - 7000/- एक
तृतीय - 3300/- एक

89. काव्य/गजल-संग्रह लेखन हेतु चलायी गयी योजना कौन-सी है।
मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना।

90. मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना के अंतर्गत दी जाने वाली पुरस्कार राशि कितनी है?
प्रथम - 15000/- एक
द्वितीय - 7000/- एक
तृतीय - 3300/- एक

91. रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नगद पुरस्कार योजना के अंतर्गत सरकारी कामकाज में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के लिए पूर्व मध्य रेल के 04 अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कार स्वरूप दी जाने वाली राशि कितनी हे?
प्रत्येक को 1500/- रुपये।

. अखिल रेल हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण-प्रारूप लेखन प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को पुरस्कार स्वरूप कितनी राशि दी जाती है?
प्रथम - 3000/- एक
द्वितीय - 2500/- एक
तृतीय - 2000/- एक
सांत्वना - 1500/- पाँच

93. क्षेत्रीय रेल स्तर पर आयोजित हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण-प्रारूप लेखन प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को पुरस्कार स्वरूप कितनी राशि दी जाती है?
प्रथम - 2000/- एक
द्वितीय - 1600/- एक
तृतीय - 1200/- एक
सांत्वना - 800/- तीन

94. हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण-प्रारूप लेखन प्रतियोगिताओं में किस क्षेत्र के गैर-हिंदी भाषी प्रतियोगियों को प्रतियोगिता में प्राप्तांक पर अधिमान अंक (Grace Marks) दिया जाता है?
'ग' क्षेत्र के गैर हिंदी भाषी प्रतियोगियों को।

95. हिंदी निबंध, वाक् तथा टिप्पण-प्रारूप लेखन प्रतियोगिताओं में 'ग' क्षेत्र के गैर हिंदी भाषी प्रतियोगियों को प्राप्तांक का कितना प्रतिशत अधिमान अंक (Grace Marks) दिया जाता है?
5% अधिमान अंक

96. अंग्रेजी के अलावा हिंदी में टंकण हेतु अंग्रेजी आशुलिपिकों व अंग्रेजी टाइपिस्टों को प्रत्येक माह कितना मानदेय दिया जाता है?
अंग्रेजी आशुलिपिक-240/- प्रतिमाह
अंग्रेजी टाइपिस्ट- 160/- प्रतिमाह

97. हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देने वाले अतिथि वक्ताओं तथा सरकारी अधिकारी/कर्मचारी को कितना मानदेय दिया जाता है?
240/- रुपये प्रतिघंटा (पुनरीक्षाधीन)

98. हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देने के लिए एक वक्ता को अधिकतम कितना मानदेय दिया जा सकता है?
2400/- रुपये अधिकतम।

99. सामान्य प्रकार की सामग्री का एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद के लिए कितना मानदेय दिया जाता है?
60/- रुपये प्रति हजार शब्द।

100. कोड/मैनुअल आदि तकनीकी सामग्री का एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद के लिए कितना मानदेय दिया जाता है।
65/- रुपये प्रति हजार शब्द।

101. विभागीय परीक्षाओं में कितने प्रतिशत अंकों के प्रश्न हिंदी से संबंधित पूछे जाते हैं?
कुल अंक के 15 प्रतिशत अंकों के प्रश्न।

102. विभागीय परीक्षाओं में हिंदी से संबंधित प्रश्न का उत्तर देना क्या अनिवार्य है?
नहीं।

103. मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों को हिंदी का अतिरिक्त कार्य करने के लिए कितना विशेष वेतन दिया जाता है?
1200/- रुपये प्रतिमाह।

104. किसी कार्यालय में हिंदी का अतिरिक्त कार्य देखने के लिए जे. ए. ग्रेड अधिकारी को कितना विशेष वेतन दिया जाता है?
600/- रुपये प्रतिमाह।

105. साधारण सामग्री के अनुवाद के लिए प्रतिदिन निर्धारित शब्द सीमा क्या है?
1750 शब्द प्रतिदिन।

106. तकनीकी सामग्री के अनुवाद के लिए प्रतिदिन निर्धारित शब्द सीमा क्या है?
1350 शब्द प्रतिदिन।

107. साधारण सामग्री के पुनरीक्षण (वेटिंग) के लिए प्रतिदिन निर्धारित शब्द सीमा क्या है?
5800 शब्द प्रतिदिन।

108. तकनीकी सामग्री के पुनरीक्षण (वेटिंग) के लिए प्रतिदिन निर्धारित शब्द सीमा क्या है?
4000 शब्द प्रतिदिन।

109. हिंदी पुस्तकालयों में हिंदी पुस्तकों की खरीद हेतु वजट व्यवस्था के अंतर्गत प्रति अधिकारी/कर्मचारी दर क्या हैं?
प्रति अधिकरी/कर्मचारी 10/- रुपये इसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी शामिल है।

110. किसी कर्मचारी को हिंदी पुस्तकालय का अतिरिक्त कार्य देखने के लिए प्रतिमाह कितने रुपये विशेष भत्ता के रूप में मिलते हैं?
500/- रुपये प्रतिमाह।

111. वैज्ञानिक व तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई?
01 अक्टूबर 1961

112. राजभाषा अधिनियम, 1963 की किस धारा के तहत केन्द्र सरकार को नियम बनाने की शक्ति दी गयी है?
धारा-8

113. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले कौन-कौन-से दस्तावेज हैं?
संकल्प, सामान्य आदेश, नियम, अधिसूचना, प्रशासनिक व अन्य रिपोर्ट, प्रेस विज्ञप्तियां, संविदा, करार, लाइसेंस, परमिट, निविदा सूचना, निविदा फार्म, संसद के किसी सदन या सदनों में रखे जाने वाले प्रशासनिक व अन्य रिपोर्ट तथा सरकारी कागज-पत्र।

114. राजभाषा नियम, 1976 के किस नियम के अंतर्गत कर्मचारी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेजी में कर सकता है?
नियम 7 के उपनियम (1) के अंतर्गत।

115. राजभाषा नियम, 1976 के किस नियम के अंतर्गत कर्मचारी माँग कर सकता है कि उस पर तामील किया जाने वाला आदेश या सूचना हिंदी या अंग्रेजी में दी जाए?
नियम 7 के उपनियम (3) के अंतर्गत।

116. राजभाषा नियम, 1976 के किस नियम के अंतर्गत और किन परिस्थितियों में आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी में दिया जाना अनिवार्य है?
निमय 7 के उपनियम (2) के अंतर्गत यदि कोई सरकारी व्यक्ति आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिंदी में देता है या अंग्रेजी में लिखित आवेदन, अपील या अभ्यावेदन पर हिंदी में हस्ताक्षर करता है तो उसका उत्तर हिंदी में दिया जाना अनिवार्य है।

117. किस नियम के अंतर्गत कर्मचारी फाइल पर टिप्पणी या कार्यवृत्त हिंदी या अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत कर सकता है?
राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8 (1) के अंतर्गत।

118. किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की माँग कब की जा सकती है?
जब कोई दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का हो।

119. कोई दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकार का है या नहीं, इसका निर्धारण कौन कर सकता है?
विभाग या कार्यालय का प्रधान।

120. राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8(4) से क्या तात्पर्य है?
कोई कर्मचारी फाइल पर टिप्पणी या कार्यवृत्त हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकता है। इस बात के होते हुए भी नियम 8(4) के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार आदेश द्वारा ऐसे अधिसूचित कार्यालय को विनिर्दिष्ट कर सकती है जहाँ ऐसे कर्मचारियों द्वारा जिन्हें हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है, टिप्पण, प्रारूपण और ऐसे अन्य शासकीय प्रयोजनों के लिए जो आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाए, केवल हिंदी का प्रयोग किया जाएगा।

121. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी के आप क्या समझते हैं?
यदि किसी कर्मचारी ने मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी में उत्तीर्ण कर ली है या स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा की समतुल्य या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिंदी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया है या यदि वह विहित प्रपत्र में घोषणा करता है कि उसे हिंदी में प्रवीणता प्राप्त है, तो यह मान लिया जाएगा कि उसने हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है।

122. हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारी से आप क्या समझते हैं?
यदि किसी कर्मचारी ने मैट्रिक परीक्षा या उसके समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिंदी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है या केन्द्रीय सरकार की हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित परीक्षा या किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदों के लिए इस योजना के अंतर्गत विनिर्दिष्ट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या केन्द्रीय सरकार द्वारा उस निमित विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है या यदि वह विहित प्रपत्र में घोषणा करता है कि उसे हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है, तो यह मान लिया जाएगा कि उसने हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

123. हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कर्मचारी की परिभाषा किस नियम के अंतर्गत दी गयी है?
राजभाषा नियम, 1976 के नियम 9 के अंतर्गत।

124. हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारी की परिभाषा किस नियम के अंतर्गत दी गयी है?
राजभाषा नियम, 1976 के नियम 10 के अंतर्गत।

125. इस बात का निर्धारण कैसे किया जाएगा कि किसी कार्यालय के कर्मचारियों को कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है?
यदि किसी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों में से 80 प्रतिशत ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है तो उस कार्यलय के बारे में यह समझा जाएगा कि वहाँ के कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

126. नियम 10(4) से क्या तात्पर्य है?
नियम 10(4) राजभाषा नियम, 1976 से संबद्ध है। केन्द्रीय सरकार के जिन कार्यालयों में 80 प्रतिशत कर्मचारियों ने हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है, उन कार्यालयों के नाम भारत के राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे। परन्तु यदि केंद्रीय सरकार की राय है कि किसी अधिसूचित कार्यालय में काम करने वाले और हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत किसी तारीख से 80 प्रतिशत से कम हो गया है, तो वह राजपत्र में अधिसूचना द्वारा घोषणा कर सकती है कि उक्त कार्यालय अब उस तारीख से अधिसूचित कार्यालय नहीं रह जाएगा।

127. राजभाषा अधिनियम और राजभाषा नियम के अनुपालन के लिए कौन उत्तरदायी है?
कार्यालय का प्रशासनिक प्रधान।

128. किस नियम के अंतर्गत प्रशासनिक प्रधान को राजभाषा अधिनियम

और राजभाषा नियम के अनुपालन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है?
राजभाषा नियम, 1976 के नियम 12 के अंतर्गत।

129. अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में टाइपिंग के लिए अंग्रेजी आशुलिपिकों और अंग्रेजी टाइपिस्टों को कितना मानदेय दिया जाता है?
आशुलिपिक - 120/- प्रतिमाह (पुनरीक्षाधीन)
टाइपिस्ट - 80/- प्रतिमाह (पुनरीक्षाधीन)

130. हिंदी पुस्तकों की खरीद के लिए वार्षिक बजट व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित दर क्या है?
प्रति कर्मचारी 10/- रु. (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहित)

131. किसी कार्यालय में नया हिंदी पुस्तकालय खोलने का आधार क्या है?
कर्मचारियों की संख्या 300 या इससे अधिक होनी चाहिए।

132. रेलों की हिंदी पत्रिकाओं में प्रकाशित रचनाओं के लिए कितना मानदेय दिया जाता है?

| | |
|---|---|
| लेख/कहानी/नाटक- | 500/- रु. |
| कविता/पुस्तक समीक्षा- | 200/- रु. |
| कार्टून/चित्र- | 150/- रु. |

133. रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?
अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड

134. रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य सचिव कौन होते हैं?
निदेशक, (राजभाषा)

135. राजभाषा से क्या तात्पर्य है?
कार्यालयों में शासकीय प्रयोजनों के लिए सरकारी कामकाज जिस भाषा में निष्पादित किए जाते हैं, उसे राजभाषा (ऑफिसियल लैंग्वेज) कहते हैं। 'राजभाषा' से अभिप्रेत अनुच्छेद 343(1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी से है जिसकी लिपि देवनागरी है। 'कार्यालय' से अभिप्रेत केंद्र व राज्य सरकार के कार्यालयों, बैंकों, निगमों आदि से है।

●

---

Address - भाषण, संबोधन, पता
Estimated income & expenditure- अनुमानित आय और व्यय
Expectation - अपेक्षा
Leadership - नेतृत्व
Progressive India - प्रगतिशील भारत
Indian economy - भारतीय अर्थव्यवस्था
Common man - आम आदमी
Request & suggestion - अनुरोध और सुझाव
Solution to challenges - चुनौतियों का समाधान
Select club - सेलेक्ट क्लब
Industrial group - औद्योगिक समूह
Goods traffic - माल यातायात
Commercial enterprises - वाणिज्यिक उद्यम
Welfare organisation - कल्याणकारी संगठन